| | |
|---|---|
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर<br>**Indian Institute of Technology Bhubaneswar** |

**प्रेस विज्ञप्ति**

# आईआईटी भुवनेश्वर में हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन

**भुवनेश्वर, 08 सितम्बर 2025:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर के राजभाषा प्रकोष्ठ, राजभाषा एकक द्वारा दिनांक 08 सितम्बर, 2025 को संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी खड़गपुर के वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ. राजीव कुमार रावत ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने *"कार्यालयी पत्र लेखन एवं प्रौद्योगिकी अनुवाद के दौरान ध्यान देने योग्य बातें"* विषय पर अपने अनुभव एवं ज्ञान को प्रतिभागियों के साथ साझा किया।

कार्यशाला का शुभारंभ प्रोफेसर-प्रभारी, राजभाषा एकक, डॉ. अविजित कुमार ने किया तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के हिंदी अनुवादक श्री हेमंत कुमार यादव द्वारा किया गया।

इस हिंदी कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना एवं राजभाषा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

इससे पूर्व, दिनांक 06 सितम्बर 2025 को संस्थान का वार्षिक हिंदी कवि सम्मेलन *"काव्यांजलि–2025"* आयोजित भी किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवियों–श्री शंभू शिखर, श्री स्वंय श्रीवास्तव, सुश्री मणिका दुबे, श्री चिराग शर्मा एवं श्री विक्रमादित्य सिंह ने अपनी ओजस्वी एवं मनमोहक कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजभाषा एकक एवं संस्थान की साहित्यिक समिति *"अभिव्यक्ति"* के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव रावत ने किया।

-------------------